# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला—बस्तर(छ0ग0)

**शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर**

E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website - nagarnigamjagdalpur.in, Phone No. - 07782-221055

क्रमांक / 603 /न0पा0नि0/UIPA/2023 जगदलपुर, दिनांक 26 /09/2023

—:: रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण सूचना ::—

नगरपालिक निगम, जगदलपुर क्षेत्रान्तर्गत महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क (UIPA) में युवाओं के स्व—रोजगार स्टार्टअप गतिविधि के लिए स्व. सहायता समूह (युवा/महिला/पुरूष—मिश्रित), स्थानीय युवा क्लब, स्थानीय संगठन, प्राईवेट व्यक्ति, उद्यमी या व्यवसाय किये जाने के इच्छुक प्रतिभागियों से लघु एवं कुटीर उद्योग लगाये जाने एवं उत्पाद सामग्री के विक्रय सहित सम्पूर्ण जानकारी की अभिव्यक्ति के तहत विस्तृत प्रस्ताव दिनांक 03/10/2023 को समय सायं 3:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है

आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी निगम के विभागीय वेबसाईट **www.nagarnigamjagdalpur.in** एवं शासन के वेबसाईट **http://uad.cg.gov.in** से डाउनलोड कर निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर सीलबंद लिफाफा में जमा किया जा सकता है। शेष पूर्वानुसार ही रहेगा।

26.9.2

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम,
जगदलपुर

पृ0क्रमांक/ 604 /न0पा0नि0/UIPA/2023 जगदलपुर, दिनांक 26/09/2023

प्रतिलिपि :—

1. प्रोग्रामर डाटा सेंटर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, अटल नगर, नवा रायपुर की ओर विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
2. सम्पादक ...................................... दैनिक समाचार पत्र रायपुर/जगदलपुर। कृपया आपके समाचार पत्र में दिनांक ............................. के अंक में एक बार साईज 2 कॉलम 8 सें.मी. या इससे कम साईज मे प्रकाशित कर इस आदेश की छायाप्रति सहित प्रकाशित समाचार पत्र की 3 प्रतियों सहित देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
3. श्री सुमित महापात्र, जनसम्पर्क विभाग, नगरपालिक निगम, जगदलपुर। कृपया छ0ग0 संवाद या शासन के निर्देशानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित किये जाने हेतु तीन—तीन प्रतियों में प्रेषित है। समाचार पत्र में प्रकाशन उपरांत प्रकाशित समाचार पत्र की दो—दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।
4. सूचना फलक — मुख्य कार्यालय/लोक निर्माण शाखा/जलप्रदाय शाखा कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर में चस्पा हेतु।

26.9.2

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम,
जगदलपुर

Scanned with CamScanner

कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला–बस्तर(छ0ग0)
शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर
E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website - nagarnigamjagdalpur.in, Phone No. - 07782-221055

# आदेश

क्रमांक/ 603 /न0पा0नि0/UIPA/2023 जगदलपुर, दिनांक 26/09/2023

कार्यालय अपर सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का पत्र 2940/1480/2023/18 दिनांक 02.05.2023 के अनुपालन में नगरपालिक निगम, जगदलपुर में अर्बन एक सर्विस इंडस्ट्रीज की स्थापना किया जाना है। अर्बन इंडस्ट्रीज पार्क में युवाओं के स्वरोजगार/ स्टार्टअप गतिविधियों के लिए ट्रांसपोर्ट नगर तेली सेमरा, जगदलपुर में रोड, नाली, पानी, बिजली एवं अन्य सुविधाओं के साथ औद्योगिक पार्क विकसित किया जा रहा है। जहां पर 2500 वर्ग फीट से 10000 वर्ग फीट तक के भूखंड उपलब्ध है, उद्यमी की आवश्यकतानुसार भूखंडों का आकार घटाया व बढ़ाया जा सकता है। उक्त भूखंडों में छोटे लघु उद्योग एवं सेवा सर्विस उद्योग स्थापना संचालन हेतु आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उद्यमी दिनांक– 03.10.2023 सायं 03:30 बजे तक आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नियम एवं शर्ते :–

1. उद्यमी जिले/नगर निगम शहर का निवासी हो।
2. लगाए जाने वाला उद्यम कुटीर, लघु मध्यम उद्योग से ही संबंधित होना चाहिए। मादक नशीली पदार्थों का उत्पादन, भण्डारण पूर्णतः वर्जित होगा।
3. इच्छुक उद्यमी निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करेंगे
   - आवेदन नगरपालिक निगम, जगदलपुर के लोक कर्म विभाग में कर सकेंगे। आवेदक द्वारा आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न कर बंद लिफाफे में नाम, पता, मोबाईल नंबर अंकित कर उद्यम का प्रकार––............................... लिखकर कार्यपालन अभियंता, लोक कर्म विभाग नगरपालिक निगम, जगदलपुर के नाम से जमा करेंगे।
4. यूजर चार्ज आधारित वर्क स्पेस प्राथमिक रूप से निगम द्वारा तैयार कर प्रदान किया जायेगा। आगामी वर्क स्पेस का संधारण, रंगरोगन, विद्युत देयक एवं विद्युत मीटर संयोजन से संबंधित समस्त कार्य हितग्राही की होगी।
5. संबंधित क्षेत्रों में स्थानीय आवश्यकता और बाजार की संभावनाओं के आधार पर विविध उद्यम स्थापित किये जाने है।
6. वर्क स्पेस उपलब्धता दिनांक से 01 माह के भीतर ईकाई स्थापना का कार्य किया जायेगा, तथा अधिकतम 3 माह में स्थापना का कार्य पूर्ण करना होगा। निर्धारित अवधि में ईकाई स्थापना न करने पर स्थल उपलब्धता निरस्त अन्य इच्छुक आवेदकों को वरियता सूची के आधार पर वर्क स्पेस उपलब्ध कराई जायेगी।
7. इच्छुक उद्यमी राशि रू. 3000.00 का किसी राष्ट्रीकृत बैंक से जारी डिमांड ड्राफ्ट(जो वापसी योग्य नहीं है) आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में, देय हो, आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है।

Scanned with CamScanner

8. वर्क स्पेस में उद्यम संचालन की अवधि 5 वर्ष के लिए होगी। कार्य संतोषप्रद रूप से संचालित होने पर 3 वर्षों के लिए अतिरिक्त अवधि बढ़ायी जावेगी।
9. स्थल को केवल उद्यम संचालित करने के लिए अस्थायी रूप से प्रदान किया जायेगा। स्थल का मालिकाना हक प्रदान नहीं किया जायेगा।
10. कार्य के आवश्यकता के अनुरूप नियम शर्तों में संशोधन का अधिकार आयुक्त नगरपालिक निगम, जगदलपुर के अधीन होगा।
11. संचालित उद्यमों में कर्मचारियों को दिये जाने वाला पारिश्रमिक श्रमायुक्त/कलेक्टर द्वारा निर्धारित दरों से कम नहीं होगा।
12. संचालित उद्यमों में पर्यावरण संबंधी समस्त प्रचालित नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

चयन प्रकिया :–

- प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन के आधार पर वरीयता सूची तैयार की जायेगी। जिसके आधार पर उद्यम निर्माण हेतु स्थल आवंटित कये जायेंगे।
- इच्छुक उद्यमियों का अपने उद्यम में लगाये जाने वाले (अधिकतम पूंजी के लिए 20 अंक)

पूंजी वर्गीकरण :–

| लागत (लाख) | अंक |
|---|---|
| 0–5 | 05 अंक |
| 5–10 | 10 अंक |
| 10–20 | 15 अंक |
| 20 लाख से अधिक | 20 अंक |

- इच्छुक उद्यमियों को अपने उद्यम में लगाये जाने वाले (संभावित कर्मचारी नियुक्त होने पर 30 अंक)

कर्मचारी वर्गीकरण :–

| कर्मचारी संख्या | अंक |
|---|---|
| 0–10 | 10 अंक |
| 11–20 | 20 अंक |
| 20 से अधिक | 30 अंक |

- कर्मचारियों को दिये जाने वाले मासिक वेतन के आधार पर 30 अंक (वेतन श्रमायुक्त द्वारा जारी पारिश्रमिक से कम न हो)
- प्रस्तुतीकरण 10 अंक।
- नया Startup उद्यम पंजीकृत होने पर 10 अंक इस तरह कुल 100 अंको पर मूल्यांकन किया जावेगा।
- उद्यम स्थापित करने के इच्छुक स्थानीय युवाओं, उद्यमियों, स्व सहायता समूहों एवं प्राईवेट व्यक्ति को गुण दोष के आधार पर निगम द्वारा गठित चयन समिति द्वारा चिन्हांकित किया जायेगा।
- रूचि की अभिव्यक्ति(EOI) में भाग लेने वाले इच्छुक स्थानीय युवाओं, उद्यमियों, स्व सहायता समूहों, स्थानीय क्लब एवं प्राईवेट व्यक्ति द्वारा लगाये जाने वाले कुटीर उद्योग, लघु उद्योग की प्रोजेक्ट संबंधी संपूर्ण प्रस्तुतीकरण (प्रेजेन्टेशन) दिनांक 09.09.2023 को प्रातः 11:00 बजे निगम कार्यालय में आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।

संलग्न :– आवेदन पत्र का प्रारूप ।

Scanned with CamScanner

# आवेदन पत्र

स्व. प्रमाणित फोटोग्राफ

प्रति,

आयुक्त
नगरपालिक निगम,
जगदलपुर

1. आवेदित उद्यम का प्रकार – ..............................................................
2. (क) पूरा नाम/एजेंसी का नाम एवं पंजीयन क्र. – ..............................................
   (ख) अभिभावक/एजेंसी अध्यक्ष का नाम – ..............................................
   (ग) वर्तमान डाक का पता – ..............................................
   (घ) स्थायी डाक का पता – ..............................................
   (ङ) मोबाईल नं. – ..............................................
3. New Startup उद्यम का पंजीयन कमांक – ..............................................
4. आधार नं – ..............................................................
5. डी. डी. का कमांक..........राशि............बैंक का नाम सहित..............................
6. इच्छुक उद्यम लगाये जाने वाले अधिकतम पंजी – ..............................................
   (आवश्यक दस्तावेज विवरण कोटेशन रूप में संलग्न कर सकते हैं)
7. इच्छुक उद्यम हेतु अधिकतम कर्मचारी नियुक्ति संख्या.. (आवश्यक दस्तावेज विवरण कोटेशन रूप में संलग्न कर सकते हैं) 8. कर्मचारी को दिए जाने वाला मासिक वेतन
   (वेतन श्रमायुक्त द्वारा जारी पारिश्रमिक से कम ना हो )
8. अन्य दस्तावेतों को संलग्न करे :——
   - शैक्षणिक योग्यता
   - स्थायी निवासी
   - राशन कार्ड (अनिवार्य नहीं)
   - आधार कार्ड
   - प्रोजेक्ट रिपोर्ट

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ..........................

पता ..........................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापन में जारी पात्रता की शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है मुझे मालूम है कि यदि जानकारी असत्य पायी जायेगी तो मेरा आवेदन निरस्त किया जायेगा। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार नहीं होगा।

स्थल ..........................

दिनांक ..........................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ..........................

पता..........................

Scanned with CamScanner